भारत सरकार

रेल मंत्रालय

राज्य सभा

09.08.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 2189 का उत्तर

वरिष्ठ नागरिक रियायत बंद किया जाना

2189. श्रीमती फूलो देवी नेतम:

श्रीमती रजनी अशोकराव पाटिल:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वरिष्ठ नागरिकों को दी जाने वाली रियायतों को बंद किए जाने के कारण सरकार की अनुमानित आय कितनी है;

(ख) इन रियायतों को बंद करने के क्या कारण हैं; और

(ग) इन रियायतों को बंद किए जाने से प्रभावित वरिष्ठ नागरिकों की सहायता के लिए क्या उपाय किए गए हैं?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): भारतीय रेल समाज के सभी वर्गों को किफायती सेवाएँ उपलब्ध करवाने का प्रयास करती है तथा 2022-23 में यात्री टिकटों पर 56,993 करोड़ रुपए की सब्सिडी दी गई थी। यह राशि रेलवे में यात्रा करने वाले प्रत्येक व्यक्ति को औसतन 46% सब्सिडी के बराबर है। यह सब्सिडी सभी यात्रियों को दी जा रही है। इसके अलावा, दिव्यांगजनों की 4 कोटियों, रोगियों की 11 कोटियों और विद्यार्थियों की 8 कोटियों जैसी कई कोटियों को इस सब्सिडी राशि के अतिरिक्त भी रियायतें दी जा रही हैं।

*****